RAF SECTOR
NEWS CLIP
13/02/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Bhaskar,Jaipur,(RAJ)

व्यक्तित्व विकास के लिए खेलों का महत्वङ्क विषय पर कार्यक्रम का आयोजन

■ गौरव महिमा

जयपुर। राजधानी जयपुर में रामगढ़ रोड पर लालवास गांव स्थित सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन परिसर में व्यक्तित्व विकास के लिए खेलों का महत्व विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन के कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन में टएडइ- अध्यक्षा जागृति सिंह की अध्यक्षता में कोविड-19 के नियमो को ध्यान में रखते हुए ह्लव्यक्तित्व विकास के लिए खेलों का महत्वङ्क विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह ने कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर आमंत्रित बलजीत सिंह औहलान, (संस्थापक, संजीव औहलान स्पोर्टस एवं एजुकेशन फाउन्डेशन) का स्वागत किया। कमांडेंट ने कार्यक्रम में सभी लोगो को खेलों के महत्त्व को समझाते हुए उनके बच्चों की खेलों के प्रति रूचि बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। बताया कि वे खेलों के क्षेत्र में भी अपना कैरियर बना सकते है। बलजीत सिंह औहलान ने भी खेलों के महत्त्व से अवगत करवाते हुए बताया कि खेल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक होते है। व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते है, साथ ही खेलों के माध्यम से कैरियर निर्माण की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में टएडइ-अध्यक्षा जागृति सिंह ने भी खेलों की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी का कार्यक्रम में पधारने पर आभार व्यक्त किया। सभी को खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

PROGRAM ORGANISED BY 83 BN, JAIPUR ON THE IMPORTANCE OF SPORTS IN PERSONALITY DEVELOPMENT.

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।